







# किसानों ने सम्मान निधि की राशि से बना दी रोड


## जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को किया दरकिनार

राजू पटेल

**खंडवा।** ग्रामीण अंचलों में विकास के दावों और जन प्रतिनिधियों के वादों की हकीकत उस वक्त बेनकाब हो गई, जब स्थानीय किसानों ने सिस्टम की राह देखने के बजाय खुद ही अपनी समस्या का समाधान निकाल लिया। जन प्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी से परेशान होकर सिलोदा गांव के किसानों ने जागरूकता और आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल पेश की है।

बारिश के शुरुआती दौर में खाद और बीज की अपनी बुनियादी जरूरतों को दरकिनार करते हुए किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिले पैसों को इकट्ठा किया और जनभागीदारी के जरिए बिना किसी सरकारी मदद के कुल साढ़े तीन किलोमीटर लंबी दो सड़कों का निर्माण कर डाला।





### प्रधानमंत्री सम्मान निधि से संवारी खेतों की राह-

किसान कमल पटेल ने बताया कि वर्षों से सिलोदा के किसान परिवार खेतों तक आने-जाने वाले रास्तों की खस्ताहाल स्थिति से भारी परेशान थे। बारिश के दिनों में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती थी, जिससे खेतों तक पहुंचना लगभग नामुमकिन हो जाता था। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों से सड़कों के निर्माण के लिए याचना की, लेकिन आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला और रास्तों की सूरत नहीं बदल सकी।

लगातार मिल रही निराशा के बाद किसानों ने तय किया कि वे अब किसी नेता या प्रशासन का इंतजार नहीं करेंगे। किसानों ने स्वयं पहल करते हुए अपनी सम्मान निधि की राशि का उपयोग खेत के रास्तों को सुधारने के लिए किया और आपसी सहयोग से इस बड़ी समस्या का हल निकाल लिया।

### आपसी सहयोग से बनीं दो सड़कें-

किसानों द्वारा आपसी सहमति से जिन दो रास्तों का निर्माण किया गया है, वे खेती-किसानी और आवागमन के लिए बेहद अहम हैं सिलोदा से गायघाट (2.5 किलोमीटर)- इस मार्ग के निर्माण के लिए 50 से अधिक किसानों ने अपना योगदान दिया और 2 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से चंदा इकट्ठा कर सड़क बनवाई। सिलोदा से खेगावड़ा रोड (1 किलोमीटर)- इस मार्ग के निर्माण के लिए प्रति किसान 2 हजार रुपये की राशि एकत्रित की गई। किसानों द्वारा स्वयं अपनी गाढ़ी कमाई और सम्मान निधि से बनाई गई ये सड़कें स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करती हैं और पूरे क्षेत्र के लिए जनभागीदारी की एक बड़ी मिसाल बन गई हैं।

### नदी पार करना मौत को दावत देने जैसा, ओवरब्रिज की दरकार-

वहीं, किसान पवन पटेल ने गांव की एक और गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि खराब रास्तों के साथ-साथ बारिश में नदी पार करना भी मौत को दावत देने जैसा है। गांव के एक तरफ नाला है और दूसरी ओर अबाना नदी है। थोड़ी सी ही बारिश में दोनों में पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर हो जाता है। ऐसे में रहवासी अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। कई सालों से रहवासी यहां ओवरब्रिज और पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इन मूलभूत समस्याओं की ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है।

## वस्त्र विक्रेता संघ की कार्यकारिणी बैठक



**खंडवा।** वस्त्र विक्रेता संघ खंडवा की कार्यकारिणी बैठक सिहाड़ा रोड स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ के उपाध्यक्ष कमल नागपाल एवं सह सचिव मुदित जेटली ने बताया कि सर्वसम्मति से 4 अगस्त की रात्रि को संघ के सदस्यों की द्विदिवसीय सांस्कृतिक यात्रा पचमढ़ी के लिए आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा पर्व पर संस्था द्वारा श्री दादाजी धाम में दादा जी महाराज के चरणों में बूंदी प्रसाद अर्पित किया जाएगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि संस्था का सदस्यता शुल्क संग्रह 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा तथा नए सदस्यों को भी संगठन से जोड़ा जाएगा। पद पट्टिका सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अध्यक्ष महेंद्र शाह, उपाध्यक्ष रवि शाह, बशीर मलिक, सचिव एम. यूनुस, कोषाध्यक्ष राजीव बाहेती सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर अपने सुझाव भी दिए।

## 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए हर वर्ष 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु अर्थात क्लोज सीजन घोषित किया जाता है। इन दो महीने की अवधि में प्रदेश की समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहता है। संचालनालय मत्स्योद्योग ने इस सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किए जाने का प्रावधान है।

## सिल्वर मेडल विजेता सुदीप ढीमर का कलेक्टर ने किया सम्मान



**खंडवा।** कयाकिंग केनोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो सिल्वर मेडल हासिल करने वाले खंडवा जिले के ग्राम सिंगाजी निवासी खिलाड़ी सुदीप ढीमर का सोमवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि सुदीप ढीमर, पिता रणछोड़ ढीमर ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता में 500 मीटर एवं 200 मीटर स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि ने जिले का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने सुदीप एवं उनके पिता रणछोड़ ढीमर को बधाई देते हुए खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सुदीप को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी लगन और समर्पण के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।सुदीप की इस सफलता से जिले के युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**खंडवा।** एनएसयूआई ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जिले में बढ़ती बेरोजगारी और पलायन की समस्या पर चिंता जताई। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिला महासचिव अमन बकोरिया ने कहा कि खंडवा जिले में रोजगार के पर्याप्त साधन नहीं होने से पढ़ाई पूरी करने के बाद युवाओं को नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मजदूरी करने को मजबूर हैं, जबकि ग्रामीण और आदिवासी वर्ग के लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से जिले में मेगा जॉब फेयर आयोजित करने, अधिक से अधिक कंपनियों को आमंत्रित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा महाविद्यालयों में फीस वृद्धि पर नियंत्रण की मांग की गई। इस दौरान छात्र नेता अयान पठान, किरण कोचले, छाया पवार, दुर्गेश सावनेर, आयुष राठौर, रोनी गोयल, राहुल ठाकुर, शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जैन, इमरान गौरी सहित एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खंडवा में मोहर्रम की तैयारियां तेज, आज और 25 जून को निकलेगी बाबा की सवारियां



नवभारत न्यूज़

**खंडवा** खंडवा में हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम समाज ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में कलाकारों द्वारा आकर्षक ताजियों का निर्माण किया जा रहा है। मोहर्रम पर्व को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय कर ली गई है।

बाबा ग्रुप के सलीम बाबा खलील बाबा रहीम बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि खंडवा शहर में मोहर्रम की 4 और 5 तारीख को अलम यानी सावरियों की स्थापना की गई है। मोहर्रम की उर्दू तारीख 7, यानी 23 जून मंगलवार तथा मोहर्रम की 9 तारीख, 25 जून गुरुवार की देर रात विभिन्न स्थानों से बाबा की सवारियों के चल समारोह निकाले जाएंगे। ये चल समारोह शहर के कहारवाड़ी क्षेत्र स्थित 12 इमाम से होकर विभिन्न मार्गों से गुजरेंगे और अंत में अपने-अपने मुकाम पर पहुंचेंगे। वहीं मोहर्रम की 10 तारीख, 26 जून शुक्रवार को शाम 5 बजे के बाद सभी सवारियों का विसर्जन छोटी आबना नदी स्थित कर्बला में किया जाएगा। हालांकि कुछ सवारियों का विसर्जन उनके निर्धारित मुकाम पर ही किया जाएगा। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्वक मनाने के लिए मुस्लिम समाज के लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं। ताजियों और सवारियों की सजावट का कार्य अंतिम चरण में है तथा पर्व को लेकर शहर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई नगर निगम द्वारा चल समारोह निकलने वाले रास्तों पर विद्युत व्यवस्था भी की गई।

# विधायक की कुर्सी की जिम्मेदारी के साथ एमएसडब्लू की परीक्षा

## पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती, अधूरी शिक्षा अवश्य पूरी करें : कंचन तनवे

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शिक्षा के प्रति समर्पण और आजीवन सीखने की मिसाल पेश करते हुए खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय, खंडवा में आयोजित एमएसडब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) प्रथम वर्ष के प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा में शामिल होकर विद्यार्थियों और समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।



विधायक तनवे ने यह संदेश दिया कि शिक्षा प्राप्त करने की कोई आयु सीमा नहीं होती। यदि किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छूट जाए, तो दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प के साथ उसे पुनः शुरू कर पूरा किया जा सकता है। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि श्रीमती तनवे ने अपने गृह ग्राम पालसूद माल में आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की थी। विवाह के बाद परिवार और पति के सहयोग से उन्होंने दोबारा पढ़ाई शुरू की तथा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं। इसके साथ ही उन्होंने सात वर्षों तक जनपद पंचायत पंधाना की अध्यक्ष तथा डेढ़ वर्ष तक जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक दायित्व निभाया। बाद में उन्हें विधायक के रूप में जनता की सेवा का अवसर मिला।जनप्रतिनिधि के रूप में व्यस्तताओं के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और बीएसडब्ल्यू की तीन वर्षीय स्नातक उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में वे एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई कर रही हैं। श्रीमती तनवे का कहना है कि पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती। जिन लोगों की शिक्षा किसी कारण अधूरी रह गई है, वे उसे पुनः प्रारंभ कर अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व अपने जन्मदिवस पर भी उन्होंने समर्थकों और शुभचिंतकों से माला या गुलदस्ते के स्थान पर पेन और कॉपी भेंट करने का आग्रह किया था, ताकि उन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाकर उनकी शिक्षा में सहयोग किया जा सके। विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे का यह प्रयास शिक्षा, सेवा और सामाजिक जागरूकता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है।

## भगवान महेश की शोभायात्रा आज

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** माहेश्वरी समाज खंडवा द्वारा महेश नवमी के अवसर पर आयोजित छह दिवसीय महोत्सव का मुख्य आयोजन मंगलवार को होगा। माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष मनीष काबरा, सचिव पंकज मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश बंग, महिला मंडल अध्यक्ष नीता राठी तथा सचिव कविता मुंदड़ा के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।समाज के नारायण बाहेती ने बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा राम मंदिर बड़ा बम से प्रारंभ होगी। बैंड-बाजों, घोड़ों और सुसज्जित रथ में विराजित भगवान महेश की यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बुधवारा बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर माहेश्वरी भवन पहुंचेगी, जहां भगवान का अभिषेक एवं महाआरती संपन्न होगी। शाम को माहेश्वरी भवन में आयोजित समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन रहेगा।

# किशोर कुमार को भारत रत्न, सांसद पाटिल ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा में जन्मे सुप्रसिद्ध गायक, अभिनेता स्वर्गीय किशोर कुमार को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर किशोर कुमार को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का आग्रह किया है।

समाजसेवी एवं किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 21 जून को लिखे गए पत्र में सांसद ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती से जुड़े किशोर कुमार ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और बहुआयामी व्यक्तित्व के बल पर भारतीय सिनेमा और संगीत जगत में अमिट पहचान बनाई। वे केवल एक पार्श्वगायक ही नहीं, बल्कि अभिनेता, संगीतकार, निर्माता, निर्देशक और लेखक के रूप में भी देश-दुनिया में विख्यात रहे।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि किशोर कुमार ने अपने गायन और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से करोड़ों लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया तथा भारतीय फिल्म संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अतुलनीय योगदान दिया। सांसद पाटिल ने कहा कि लंबे समय से देशभर के संगीत प्रेमी और नागरिक किशोर कुमार को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते रहे हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से जनभावनाओं और महान कलाकार के अद्वितीय योगदान को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

**समस्याएं** | प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी पंधाना ने सोमवार को किसानों और आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। इसके पश्चात तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन से पूर्व संगठनात्मक बैठक आयोजित कर नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने कहा कि खरीफ सीजन से पहले खाद वितरण में लागू ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कांग्रेस ने ई-टोकन की अनिवार्यता समाप्त कर डीएपी और यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही एनपीके खादों की बढ़ी कीमतें वापस लेने, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दाम कम करने तथा जिले में डीजल की पर्याप्त आपूर्ति की मांग भी उठाई। ज्ञापन में घावरिया माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना को शीघ्र स्वीकृति देने, पेयजल संकट का स्थायी समाधान करने, वास्तविक खपत के आधार पर बिजली बिल जारी करने तथा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शाकिल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

